Kolhapur Krantiveer Rangraodada Patil College LIBRARY

B - 213

Total No. of Pages : 2

Seat No.	

B.A. (Part - I) (Semester - I) (CBCS) Examination, December - 2018

हिंदी (HINDI) (Optional) (Paper - I)

हिंदी कविता

पाठ्यपुस्तकः- 'साहित्य जगत्'

Sub. Code : 71219

Day and Date : Sunday, 02 - 12 - 2018 **Total Marks : 50**

Time : 12.00 Noon. to 02.00 p.m.

सूचनाएँ: 1) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

2) **दाईं ओर लिखे अंक प्रश्न के गुण दर्शातें हैं।**

प्र.1) कोष्टक में दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए। **[10]**

i) कवि निराला 'भिक्षुक' को .... की तरह बलवान बनाना चाहते हैं।
(हनुमान / अभिमन्यु / बलराम / अर्जून)

ii) प्रेमप्रकाश का असली नाम .... था।
(कालिदास / कल्लीमुद्दीन / कुलदिपक / कालियाँ)

iii) 'अजिब – सी मुश्किल' कविता .... की है।
(कुंवर नारायण / नागार्जून / निराला / दुष्यंतकुमार)

iv) 'पैदल आदमी' कविता में .... के पराक्रम की चर्चा की है।
(सैनिक / पहलवान / खिल्लाडी / पत्रकार)

v) 'हो गई है पीर' कविता दुष्यंतकुमार के .... काव्यसंग्रह में संकलित है।
(साये में धूप / संसद से सड़क तक / युगधारा / बावरा अहेरी)

vi) 'माँ जब खाना परोसती थी' कविता का मूलस्वर .... है।
(बाप बेटे के स्नेह का / माँ बेटे के स्नेह का / भाई–भाई के प्रेम का / भाई–बहन के प्रेम का)

vii) एकलव्य के गुरू का नाम .... था।
(भार्गव / भिष्माचार्य / परशूराम / द्रोणाचार्य)

viii) 'बेजगह' कविता .... की पीड़ा तथा वेदना को दर्शाती है।
(महिलाओं की / सैनिकों की / अफसरों की / पुरूषों की)

ix) 'स्त्री मुक्ति की मशाल हो' कविता में .... के साहस का गुणगौरव किया है।
(झाँसी की रानी / सावित्रीबाई फुले / मदर तेरेसा / ताराराानी)

x) ''बाजार' कविता .... की है।
(जयशंकर प्रसाद / जया जादवानी / जयप्रकाश वर्मा / जयंत नारलीकर)

P.T.O.

Krantiveer Rangraodada Patil Library
LIBRARY
Kamala College Kolhapur, ★

प्र.2) निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। **[10]**

क) ''सुनसान गलियों से चोरों की तरह गुजरते हुए
अपने – आप से सवाल करता हूँ–
क्या आजादी सिर्फ तीन थके हुए रंगो का नाम है
जिन्हें एक पहिया ढ़ोता है
या इसका कोई खास मतलब होता है?''

ख) ''मेरी वह निष्ठा,
वह प्राणों की आकुल प्रतिष्ठा
जिसे अर्पित थी–
तुम थे नहीं
सिर्फ माटी की मूरत
क्या माटी की मूरत थी।''

ग) ''जो बोलेगा सच अफवाहों से घेर दिया जाएगा उसे
जो होगा सबसे कमजोर और वध्य
उसे बना दिया जाएगा संदिग्ध और डरावना
जो चाहेगा स्वतंत्रता दिया जाएगा उसे आजीवन कारावास''!

प्र.3) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **[15]**

क) 'बालिका का परिचय' कविता का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

ख) 'नया बैंक' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

ग) 'स्त्री मुक्ति की मशाल हो' कविता में चित्रित सावित्रीबाई फुले जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

घ) 'हो गई है पीर' कविता का मूलस्वर स्पष्ट कीजिए।

ङ) 'वसंत आ गया' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

प्र.4) निम्नलिखित प्रश्नों में से 'अ' में से एक और 'ब' में से एक का उत्तर लिखिए। **[15]**

क) 'भिक्षुक' कविता के माध्यम से कवि ने भिक्षुक की दयनीय दशा का वर्णन किस प्रकार किया है?

अथवा

'अजीब–सी मुश्किल' कविता में धार्मिक सहिष्णुता को किस प्रकार दर्शाया है?

ख) 'तेरी खोपडी के अंदर' कविता में सांप्रदायिक समस्या का चित्रण किस प्रकार किया है?

अथवा

'पैदल आदमी' कविता के माध्यम से सैनिकों की जीवन गाथा का चित्रण कीजिए।